Dainik Jagran - New Delhi -
07 -02 - 2011

जेएनयू में आज से मिलेंगे दाखिला फार्म

नई दिल्ली, जासं : जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने नए शैक्षणिक सत्र 2011-12 के लिए दाखिला प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। विभिन्न कोर्सों में दाखिला प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। दाखिले के लिए इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जेएनयू स्थित प्रशासनिक खंड से दाखिला फार्म ले सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी डाक के माध्यम से भी दाखिला फार्म मंगा सकते हैं।

विवि प्रशासन के अनुसार, सोमवार सुबह दस बजे से दाखिला फार्म की बिक्री शुरू हो जाएगी। अभ्यर्थी जेएनयू प्रशासनिक ब्लॉक में बने काउंटर से दाखिला फार्म खरीद सकते हैं। यहां से छात्र 21 मार्च तक फार्म खरीद सकते हैं। फार्म जमा करने की अंतिम तारीख भी 21 मार्च ही रखी गई है। डाक से फार्म मंगाने की सुविधा 10 मार्च तक ही है। 21 मार्च के बाद आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी सोमवार से शुक्रवार के बीच सभी कार्य दिवसों में फार्म खरीद सकते हैं। दाखिला फार्म भरने के बाद विभिन्न पाठ्यक्रमों सहित एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के लिए प्रवेश परीक्षा 17 से 20 मई के बीच आयोजित की जाएंगी। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 52 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उनमें देश भर में 51 और विदेशी परीक्षा केंद्र के तौर पर नेपाल स्थित काठमांडू में एक केंद्र बनाया गया है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जेएनयू की वेबसाइट पर सर्च कर सकते हैं।